सोना कितना सोणा? समझदारी से करें सौदा

सोना विश्व की सबसे पुरानी अंतरराष्ट्रीय मुद्रा है और वैश्विक मुद्रा भंडार का सबसे अहम् हिस्सा है। सोने पर निवेश करना या इसमें निवेश करने की श्रेणी में होना ही निवेश बाज़ार में आपका रुतबा बढ़ा देता है। सोने के निवेश पर मिलने वाला लाभ मंदी के उतार-चढ़ाव के दौरान भी बहुत मददगार होता है। खासकर जब शेयर बाज़ार भी बहुत दुरुस्त स्थिति में नहीं होता है उस वक्त भी सोने पर निवेश से मिलने वाला लाभ फ़ायदे का सौदा होता है। भारतीय निवेशकों के लिए सोने पर निवेश करना एक बहुत ही प्रभावषाली विकल्प है।

देश की आर्थिक स्थिति किसी से छिपी नहीं है, गिरते रुपये के कारण आजकल सोने के रंग की चमक तो तेज़ होती जा रही है, लेकिन यह एक तरह से देश के लिए शुभ संकेत नहीं है। समस्या सबसे अधिक बाज़ार में निवेश करने वालों के लिए बन गई है कि आखिर वे क्या करें खासकर सोने पर निवेश करने वाले निवेशकों को ज़्यादा परेशानी बनकर आई है। सोने की चमक कभी हल्की पड़ रही है तो कभी बहुत बढ़ रही है। आखिर सोने के बाज़ार का क्या संकेत है। निवेशक केंद्रीय वित मंत्री हैं यह पूछने के लिए कि आखिर सोने के निवेशक क्या करें ? डॉलर की अपेक्षा में लुढ़कते रुपये को साधने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक ने सोने का आयात शुल्क 10 प्रतिशत बढ़ा दिया।

हालांकि कई रिपोर्ट के आधार पर बाज़ार में यह उभरकर आ रहा है कि इस समय सोने के बाज़ार में निवेश करना निवेशकों के लिए फ़ायदे का सौदा है। लेकिन एक बार इस विषय में फैसला लेने से पहले, सोना ख़रीदने से पहले यह जान लेना जरूरी है कि बाज़ार में कौन–कौन से बेहतर विकल्प मौजूद हैं।

वॉयस भरोसा दिलाता है :

सितंबर 2013 में सोने पर निवेश करने के कई तरीकों पर अध्ययन किया गया। एक विशुद्ध रूप से निवेश के नज़रिये से पता चलता है कि गोल्ड इटीएफ सबसे बेहतर विकल्प है। यह ख़रीदने में आसान है, किसी तरह की कोई भी परेशानी से मुक्त, एक पुख्ता लाभ पाने के लिए और बीमा आदि के लिए इससे अच्छा विकल्प नहीं है।

आप वर्तमान में बाज़ार की स्थिति देखते हुए गोल्ड ईटीएफ में निवेश करना चाहेंगे? यहां पूर्वानुमान करना बहुत मुश्किल है कि सोने की कीमत में गिरावट का क्या दौर चले। यहीं दूसरी तरफ़ लगा है कि सोने की गिरती कीमत के दौरान थोड़ा निवेश करना ठीक है।

यदि सोने में निवेश करने का आपका उद्देश्य दोगुना कमाना है और आप मूल्य वृद्धि के साथ ही भविष्य की खपत के लिए सोना जमा करना चाहते हैं तो गोल्ड ईटीएफ इसके लिए बेहतर विकल्प नहीं है।

ऐसा इसलिए है क्योंकि, मोतीलाल ओसवाल के अलावा अन्य दूसरे गोल्ड ईटीएफ एक किलो सोने के संचयन पर सीमित केंद्रो पर भौतिकी वितरण का ऑफर देते हैं। मोती ओसवाल मोस्ट शेयर गोल्ड ईटीएफ कम से कम 10 ग्राम तक सोने पर निवेश का ऑफ़र देता है, हालांकि वितरण करने का शुल्क देना होता है।

भविष्य में खपत के नज़रिये से ई–गोल्ड सबसे अच्छा संकेत और बहुत ही प्रभावी भी है। हालांकि फिलहाल यह बहुत विश्वसनीय विकल्प नहीं है। यह भौतिक रूप से सोने के सिक्के या बिस्किट खरीदने के लिए सबसे अच्छा है।

बेहतर खरीद	
निवेश के नज़रिये से	गोल्ड ईटीएफ जैसे कि गोल्डमैन सैश गोल्ड बीज़, रिलायंस म्यूचअल फंड, आर शेयर गोल्ड फंड, कोटक महिंद्रा गोल्ड ईटीएफ, एसबीआई गोल्ड ईटीएस, यूटीआई गोल्ड ईटीएफ
खपत के लिए	भौतिक रूप से सोना खरीदने के लिए वो भी ई–गोल्ड के माध्यम से वर्तमान में निवेश करने की सलाह देना उचित नहीं है।

भारत में सोना खरीदने के तरीके :

भारत में सोने में निवेश करने के कई तरीके हैं जिसमें आप भी शुरुआत कर सकते हैं। आप सोना ज्वेलरी के रूप में खरीद सकते है, बिस्किट के रूप में या म्यूचुअल फंड के माध्यम से, गोल्ड ईटीएफ, ई–सोना, सोना वायदा के माध्यम से निवेश कर सकते हैं। सोने में निवेश के इन्हीं विभिन्न तरीकों के बारे में नीचे विवरण दे रहे हैं।

आभूषणः भारत में सोने पर गहने/आभूषण के रूप में निवेश करने वाले निवेशकों का समूह अधिक है। इससे दोहरा लाभ होता है एक तो खपत हो जाती है दूसरे भविष्य के नज़रिये से निवेश भी हो जाता है। जबकि यहां इसका एक नुकसान यह भी है कि जब निवेश करते हैं तो इसमें 10–15 प्रतिशत कीमत उस आभूषण के डिजाइन और बनाने की होती है। कई सुनार गोल्ड सेविंग स्कीम भी देते हैं जिसमें किश्तों पर सोना खरीदा जा सकता है। लेकिन जब आभूषण खरीदें तो उस पर बीआईएस हॉलमार्क का चिन्ह जरूर जांच लें, यह सोने की शुद्धता का प्रमाण होता है। जिससे भविष्य में यदि सोने पर ब्याज लेना पड़े तो यह बहुत जरूरी होता है।

सोना खरीदने से पहले हॉलमार्क के पांच चिन्ह जरूर देख लें



कुछ तथ्य जो सोने में निवेश करने से पहले जानने जरूरी हैं–

अपने देश और अंतरराष्ट्रीय सोने की कीमत की तुलना : नीचे दिया गया चार्ट दर्शाता है कि भारत में यूएस डॉलर में सोने की कीमत की अपेक्षा में किस तरह से सोने की कीमत बढ़ रही है। ऐसा तब हो रहा है जब रुपये में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है और सोने पर आयात शुल्क बढ़ा दिया गया है।

मांग और आपूर्ति की तुलना : सोने की मांग कई तरीके से बढ़ती है आभूषणों की मांग, निवेश की मांग, सेंट्रल बैंक रिर्जव और औद्योगिक क्षेत्रों में अनुप्रयोगों के लिए मांग। भारत में सोने कें निवेश की मांग मुख्य रूप से मुद्रास्फीति के खिलाफ एक बचाव के रूप में तथा भारत विश्व में सोने की ज्वेलरी ख़रीदारी करने वाला सबसे बड़ा बाज़ार है। हालांकि सोने की आपूर्ति की अपेक्षा यहां सोने की मांग लगातार बढ़ रही है।

विगत लाभ : जब सोने के विगत लाभ का मूल्यांकन करेंगे तो इसके लिए दीर्घकालिक डाटा का मूल्यांकन करना होगा। यहां कम समय में मुनाफा वाले निवेश के आधार पर आकलन करना बुद्धिमानी नहीं होगी। जहां 2006–12 में केवल सीएजीआर 20 प्रतिशत कर दिया गया है। सोने की कीमत में पिछले सालों में बहुत अधिक उतार चढ़ाव नहीं हुआ है। इसके अलावा सेंसेक्स के

मिलने वाले मुनाफ़े और सोने से मिलने वाला लाभ दोनों में लंबे समय से एक जैसा ही है। जबकि अल्पावधि में निवेश करने में दोनों के बीच नकारात्मक संबंध हैं। अर्थात सोना लंबी अवधि के लिए निवेश करने के लिए तो अच्छा विकल्प है लेकिन अल्पावधि में अस्थिर हो सकता है।

गोल्ड बार, बिस्किट और सिक्के: सोने के थोक रूप को सोने की ईंट (बार) कहते हैं और सोने की ईंट में निवेश के लिए अच्छा साधन है। इसका कम से कम निवेश भी बहुत अधिक होता है एक सामान्य उपभोक्ता के लिए इसमें निवेश करना बहुत मुश्किल है। सोने की ईंट (बार) या सिक्कों के रूप में भी भी मिलती हैं लेकिन अतिरिक्त कीमत छोटे में अधिक होती है संसाधन शुल्क भी व्यय किया होता है। जबकि बैंक द्वारा बेचे जाने वाले सोने के सिक्के उपभोक्ताओं के बीच काफी प्रचलित हैं। उसमें बैंक की शर्त होती है कि वे उसे वापस नहीं ख़रीदेंगे। भौतिक सोना खरीदने पर कई तरह की चिंता होती हैं जैसे उसकी सुरक्षा से संबंधित, बीमा कराना तथा उसे रखने का भी खतरा बना रहता है।

गोल्ड ईटीएफ: गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडिड फंड या कहें पेपर गोल्ड यह एक वित्तीय उत्पाद है जो आपके पैसे को भौतिक रूप से सोना खरीदने में लगाता है और स्टॉक एक्सचेंज में आपको सूचीबद्ध करता है। यह बहुत तरल और सरल प्रक्रिया निवेशकों के लिए फायदेमंद है। इसका गोल्ड ईटीएफ का 90–100 प्रतिशत में 99.5 प्रतिशत शुद्ध रूप से भौतिक रूप से आरबीआई स्वीकृत बैंक और एजेंसी के माध्यम से निवेश किया जाता है। बाकी 0–10 प्रतिशत ब्याज ऋण साधन के तौर पर निवेश के लिए रखा जाता है। बहरहाल गोल्ड ईटीएफ से भी भौतिक रूप से सोने पर जितना मुनाफा मिलता रहा है उतना ही मिलता है।

ई–गोल्ड: गोल्ड नेशनल स्पॉट एक्सचेंज लिमिटेड के माध्यम से खरीदा जाता है वह भी निवेशक भौतिक रूप से कम से कम 8ग्राम सोना संचय कर सकते हैं। एक यूनिट ट्रेडिंग 1ग्राम भौतिक सोने के समांतर होती है। यद्यपि ई–सोने की स्कीम कागज़ों पर बहुत आकर्षित लगती है लेकिन अब यह आलोचनाओं में है और एनएसईएल ई–सीरीज़ की ट्रेडिंग को निलंबित कर चुका है।

ई–गोल्ड की शिकायतें

नेशनल स्पॉट एक्सचेंज और इलेक्ट्रॉनिक स्पॉट मार्केट ने उपभोक्ताओं को अनमोल धातु की वस्तुएं सोने–चांदी आदि खरीदने का एक सुलभ साधन उपलब्ध कराया है जिसे धातु उद्योग ई–सीरीज कांट्रेक्ट के नाम से जानता है। ई–गोल्ड पर एक ट्रेडिंग यूनिट एक ग्राम सोने के समांतर होती है हालांकि एनएसईएल कुछ कॉमोडिटी ट्रेडिंग द्वारा मानकों का उल्लंघन करने की वजह से घाटे में चल रही थी इसलिए ई–सीरीज को अगस्त 2013 में अगली सूचना न मिलने तक के लिए निलंबित कर दिया गया है। वर्तमान में निवेशकों को भारी बंदोबस्त मांग के कारण इसमें भौतिक वितरण मिलने में देरी होने लगी हालांकि ई–गोल्ड की प्रक्रिया कागज़ पर बहुत लुभावन लगती है लेकिन यह निवेश के उद्देश्य के लिए सोना और मांग के लिए परंपरागत खपत के बीच के अंतर को संतुलित रखने में सक्षम है। अब इसका भविष्य स्पष्ट नहीं है इसीलिए एनएसईएल इसके साथ नहीं है और इसमें निवेश के लिए अपनी ओर से राज़मंदी नहीं देती।

गोल्ड म्यूचुअल फंडः गोल्ड फंड एक ओपन–एंडेड फंड है जो कि गोल्ड ईटीएफ है। सोने की खनन वाली कंपनियों के शेयर उसके बहुमत का आधार होते हैं। इसमें निवेश करने की सोने के फंड में निवेश की प्रक्रिया सरल होती है और आपको डीमैट खाते की भी जरूरत नहीं होती और या फिर एसआईपी के माध्यम से भी निवेश किया जा सकता है। हालांकि इसमें व्यय करना अधिक जोखिम वाला होता है। इसमें मुनाफा तब तक अच्छा नहीं मिलमा जब तक कि फंड अनावरण में गोल्ड ईटीएफ की अपेक्षा में सोना कम हो।

गोल्ड फ्यूचरः सोने को भविष्य के बाज़ार के नजरिये से कॉमोडिटी की भांति भी खरीदा जा सकता है। भारत में एमसीएक्स और एनसीडीएक्स भविष्य में सोने का करार करते हैं। हालांकि वे सामान्य या नए, छोटे निवेशक को इसमें जोखिम से सोने में निवेश करने की सलाह नहीं देते।

गोल्ड ईटीएफ में निवेशः सोने में निवेश की रूची रखने वालों के लिए यह एक साधन है जिसमे उन्हें किसी प्रकार से भौतिक रूप से सोने का वितरण भी नहीं करना होगा और मुनाफा भी करते रहेंगे। हां, निवेश करने से पहले एक बार कितना मुनाफा मिल रहा है अपने बाज़ार में सोने पर निवेश मिलने वाले मुनाफे में कितना अंतर है

उसका आंकलन जरूर कर लें। वे कई प्रकार के आकर्षित ऑफर देते हैं :–

- यह संभव है कि गोल्ड ईटीएफ एक यूनिट को एक ग्राम सोने के समांतर रखती हैं।
- खरीदने और बेचने में आसान और थोड़ा स्पष्ट भी है।
- किसी तरह से खोने/चोरी होने का खतरा नहीं।
- भौतिक रूप से सोने के आभूषणों पर उसे बनाने का शुल्क भी देना होता है इसमें ऐसी कोई समस्या नहीं है।

गोल्ड ईटीएफ में कैसे करें निवेश :–

इसे स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई, बीएसई) के माध्यम से खरीदने या बेचने की प्रक्रिया है। आपका डिमेट खाता होना जरूरी है। हां, यदि आपके पास पहले ही शेयर ट्रेडिंग में यह खाता है तो आपको दोबारा खाता खोलने की जरूरत नहीं है। या तो आप गोल्ड ईटीएफ स्टॉक एक्सचेंज के माध्यम से खरीद सकते हैं या फिर आपको ब्रोकर के जरिये ऑनलाइन ट्रेडिंग अकाउंट से खरीदना होगा।

गोल्ड ईटीएफ में निवेश की प्रक्रिया नीचे दर्शायी गई है।

गोल्ड ईटीएफ में निवेश की प्रक्रियाः

गोल्ड ईटीएफ चुनने के लिए हैं कई विकल्प

1 कई गोल्ड ईटीएफ की व्यय की तुलना। वेबसाइट पर मौजूद एएमसी का व्यय अनुपात सबसे कम और सही लगा।

2 इसकी कीमत के लिए फंड की एनएवी से तुलना कर लें। एक अच्छा सौदा एनएवी कीमत से भी अधिक है, जहां छूट के साथ भी फंड उपलब्ध हैं।

3 संपत्ति के रूप में सोने के प्रदर्शन की तुलना करें।

सोने में निवेश करने के तरीकों का तुलनात्मक विश्लेषण

निवेश का तरीका	लाभ	नुकसान
भौतिक सोना आभूषण के रूप में, सोने के सिक्के, ईंट (बार) आदि	• भौतिक स्थिति • आभूषण दोहरे फायदे के उद्देश्य से कि खपत भी हो जाए और एक तरह से निवेश भी हो जाए। • गोल्ड लोन की जरूरत पड़े तो वह भी लिया जा सकता है।	• चोरी होने का डर रहता है। • तीन साल के भीतर बिक्री के मामले में अल्पावधि पूंजी लाभ कर देय है। • खरीदते समय वैट भी अदा करना होगा।
गोल्ड म्यूचुअल फंड	• किसी प्रकार का डेमैट खाता खोलने की जरूरत नहीं है। • विविधीकरण के साथ सोने की संपत्ति के संयोजन द्वारा किया जाता है।	• अधिक खर्च के अनुपात की गोल्ड ईटीएफ से तुलना की जाती है। • सिर्फ 60 प्रतिशत ही सोने में निवेश किया जाता है। • मिली हुई यूनिट को भौतिक सोने में बदलने का कोई विकल्प नहीं है।
गोल्ड ईटीएफ	• अधिकतर योजनाओं में एक यूनिट गोल्ड ईटीएफ एक ग्राम सोने के बराबर है। • भंडारण करने की कोई कीमत नही साथ ही खरीदने और बेचने में सरल। • गोल्ड ईटीएफ पर सिर्फ एक साल में टैक्स लिया जाता है।	• डिमैट खाते की जरूरत। • अधिकतर योजनाओं पर यूनिट को भौतिक सोने में बदलने का विकल्प मौजूद। निवेशक 1000 यूनिट होने पर 1 किलो सोना बदल सकता है।
ई–गोल्ड	• ट्रेडिंग के लिए सुनिश्चित समय सुबह दस बजे से रात ग्यारह बजे तक सिर्फ सप्ताह के काम वाले दिनों में। • कम से कम 8ग्राम पर भौतिक रूप में बदल सकते हैं।	• डिमेट खाता जरूरी। • वर्तमान में ई–गोल्ड में निवेश की सुविधा नहीं है। **(देखें ई–गोल्ड में निवेश की दुविधा)**

गोल्ड–ईटीएफ भी अपनी कुल संपत्ति का 0–10 प्रतिशत ब्याज और लिक्विड फंड में निवेश करता है, इससे पता चल सकता है कि भौतिक रूप से और गोल्ड ईटीएफ के बीच मिलने वाले मुनाफ़े में कितना अंतर है। इसे ही ट्रैकिंग त्रुटि कहते हैं।

4 प्रबंध के तहत परिसंपत्ति (एयूएम) के आकार की तुलना करो। ईटीएफ सबसे उच्च स्थान पर होगा एयूएम भी इसे पसंद करेगा।

5 वॉल्यूम ट्रेड की तुलना। उच्च राशि वाले फंड निवेशकों को ज़्यादा अच्छे ट्रेडिंग के ऑफर देते हैं।

ऊपर दिए गई टेबल और मानदंडों के आधार पर गोल्ड ईटीएफ सीमांत रूप से ज़्यादा बेहतर है :

गोल्ड ईटीएफ में निवेश की प्रक्रिया:

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के साथ संबद्ध एक दलाल के साथ एक व्यापारिक और डीमैट खाता खोलें

यदि आपके पास पहले ही भोयर ट्रेडिंग में यह खाता है तो आपको दोबारा खाता खोलने की जरूरत नहीं है।

↓

ईटीएफ खरीदने और क्वांटम निवेश के लिए तय करें

अलग ईटीएफ के लिए प्रशासनिक प्रभार अलग हो सकता है

↓

दलाल या ऑनलाइन ट्रेडिंग खाते के माध्यम से स्थान निश्चित करें

दलाल का भुगतान किया जाना है

↓

जीईटीएफ इकाइयों टी+2 के आधार पर आपके डीमैट खाते में जमा किये (ट्रेडिंग दिन + 2 दिन)

↓

जीईटीएफ का ट्रैक परफोर्मेंस

सोने की कीमतों के हिसाब से मुनाफावसूली या अधिक खरीदें	एक वर्ष रुकने के बाद बिक्री करने पर लंबी अवधि के पूंजीगत लाभकर देय

- गोल्डमैन सैश गोल्ड बीईईएस
- रिलायंस म्यूचुअल फंड आर शेयर गोल्ड फंड
- कोटेक महिंद्रा गोल्ड ईटीएफ
- साथ ही दो ईटीएफ कंपनी के आधार पर खरीदने के लिए अच्छा विकल्प है।
- एसबीआई गोल्ड ईटीएस
- यूटीआई गोल्ड ईटीएस

गोल्ड ईटीएफ का कर निर्धारण

ऐसे शेयर जो आपके इस्तेमाल के भी न हों और एक साल के बाद उन पर टैक्स लगने लगता है, जब आप भौतिक सोने के आभूषण और गोल्ड ईटीएफ को बेचते हो तब टैक्स वसूला ही जाता है। गोल्ड ईटीएफ में लंबी अवधि के पूंजिगत लाभ औरएक साल बाद मिलने वाले मुनाफा और संपत्ति का सूचीकरण मौजूद है। एकल निवेशकों के लिए, लंबी अवधि के पूंजीगत लाभ के लिए बगैर सूची के गोल्ड ईटीएफ के दस प्रतिशत बगैर सूची का भुगतान करना होगा या 20 प्रतिशत सूची के साथ जो कि कम से कम + 3 प्रतिशत सुधार उपकर होगा।

यहां भौतिक सोने की अपेक्षा गोल्ड ईटीएफ ज़्यादा बढ़िया है क्योंकि यदि भौतिक सोने को तीन की संपत्ति बनाकर बेचा जाता है तो छोटी अवधि की पूंजीगत लाभ में भी टैक्स भुगतान करना होता है।

लंबी अवधि का पूंजीगत लाभ में भौतिक रूप से खरीदे गए सोने को तीन साल तक संपत्ति बनाने के बाद टैक्स देना होगा। छोआी अवधि के पूंजीगत लाभ में टैक्स उस पर लागू होने वाले स्लैब के आधार पर ही वसूला जाता है।

गोल्ड ईटीएफ में निवेश करने जा रहे हैं तो ध्यान रखें:

- सबसे पहले खुद से यह सवाल जरूर करें कि मैं सोने में निवेश क्यों कर रहा/रही हूं ? सोने में निवेश करने के लिए आपका जवाब ही आपका पहला मार्गदर्शक होगा।
- लगातार रुपये का लाभ प्राप्त करने के लिए थोड़ा–थोड़ा निवेश करें और लगातार करते रहें।



मौजूदा गोल्ड ईटीएफ की तुलना

क्रम संख्या	फंड का नाम	संपत्ति (रुपये ब्न जून 2013 में)	व्यय का अनुपात	1 साल लाभ (:)	3 साल लाभ (:)	पांच साल लाभ (:)	कार्यकाल साल
1	गोल्ड मैन सैश ईटीएफ	29314.74	1.00	–2.72	16.8	21.41	6
2	आर शेयर गोल्ड ईटीएफ	2550.39	1.09	–2.56	17.12	21.19	5
3	एसबीआई गोल्ड ईटीएस	1290.51	0.99	–2.58	17.11	––	2
4	कोटेक गोल्ड ईटीएफ	1143.02	1.04	–2.71	17.01	21.45	5
5	एचडीएफसी गोल्ड ईटीएफ	765.70	1.07	–2.75	16.88	––	3
6	यूटीआई गोल्ड ईटीएफ	648.86	1.00	–2.67	17.05	21.49	2
7	एक्सीस गोल्ड ईटीएफ	439.98	1.06	–2.73	––	––	1
8	आईसीआईसीआई प्रडेशियल गोल्ड ईटीएफ	186.0	1.00	–2.18	16.93	––	1
9	आईडीबीआई	160.00	1.17	–2.77	––	––	2
10	कनाडा रोबेको गोल्ड ईटीएफ	132.23	1.06	–2.42	––	––	1
11	बिरला सन लाइफ गोल्ड ईटीएफ	118.16	1.00	–2.82	––	––	1
12	रैलीगेयर इनवेस्को गोल्ड ईटीएफ	69.23	1.00	–2.46	17.3	––	3
13	मोतीलाल ओसवाल मोस्ट शेयर गोल्ड ईटीएफ	63.51	1.42	–3.09	––	––	0
14	क्वान्टम गोल्ड	59.25	1.00	–2.60	17.06	21.49	4

यह डाटा 6 सितंबर 2013 के अनुसार दिया गया है। फंडों को घटते हुए क्रमांक में लगाया गया है।
(Source: www.valueresearchonline.com)

- सोने में धीरे–धीरे निवेश करके ही आगे बढ़ें एक साथ बहुत अधिक निवेश करने सें बचें। अधिकतर ईटीएफ ने एक यूनिट पर एक ग्राम सोने की स्कीम की सुविधा दी हुई है।
- अपनी संपत्ति का सिर्फ 10 से 15 प्रतिशत ही सोने में निवेश करें। समय–समय पर मुनाफा मिलता रहेगा।
- गोल्ड ईटीएफ पर लागू प्रशासनिक खर्च के बारे में मालूम कर लें उसकी के बाद खरीदें।
- गोल्ड ईटीएफ प्रबंध के तहत परिसंपत्ति तभी खरीदें जब अधिक मुनाफे के आसार हों।

गोल्ड ईटीएफ में निवेश करते समय क्या न करें:

- सुनी सुनाई बातों पर भरोसा करके ही निवेश न करें कि भी खरीद रहे हैं तो चलो हम भी खरीद लें। ऐसा रास्ता अपनाने से बचें।
- सोना कोई उत्पादक संपत्ति नहीं है इसलिए बहुत अधिक अपनी क्षमता से अधिक निवेश से बचें।
- दूसरे से अपने मुनाफे की तुलना न करें। इसमें निवेश करने के लिए सबके एंट्री लेवल होते हैं उसी के आधार पर मुनाफा/लाभ भी मिलता है।
- एक ही लेवल पर सारी संपत्ति न लगाएं। एक के बाद एक सोच समझकर निवेश करें।
- अलग–अलग गोल्ड ईटीएफ के एनएवी की तुलना न करें, बल्कि उसकी कीमत की तुलना करें।

ईशा गोयल

कंस्यूमर वॉयस एफएसआरजी ग्रुप

लेखिका दिल्ली विश्वविद्यालय के दौलत राम कॉलेज में सहायक अध्यापक है।

दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली स्कूल ऑफ इकॉनोमिक्स के वाणिज्य विभाग में शोध कर रही है।